नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में बढ़ा भारत का मान : संध्या राय

नवभारत न्यूज

मुरैना, 20 जून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को जीवाजीगंज स्थित गर्ग सेवा सदन में भाजपा की जिला इकाई के तत्वावधान में प्रबुद्धजन एवं विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भिंड सांसद संध्या राय ने कहा कि मोदी सरकार के

▶ भिंड सांसद ने सेवा, सुशासन के 12 वर्षों को बताया कि विकास का स्वर्णिम अध्याय

कार्यकाल में भारत का वैश्विक सम्मान बढ़ा है और देश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।

सांसद संध्या राय ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षाए सुरक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में हुए कार्य देशवासियों के लिए गौरव का विषय हैं। आयुष्मान भारत, आवास, पेयजल और महिला सशक्तिकरण जैसी योजनाओं से करोड़ों परिवारों को लाभ मिला है। भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह ने कहा कि पिछले 12 वर्ष विश्वास, विकास और जनकल्याण के स्वर्णिम वर्ष रहे हैं। सम्मेलन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर जल संरक्षण का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

पूर्व मंत्री मुंशीलाल, गिर्राज डंडौतिया, डॉ. योगेशपाल गुप्ता, केदार सिंह यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोजपाल यादव, श्रीवल्लभ डंडौतिया, रीना डंडौतिया, जिला महामंत्री सोनू परमार, सुनील जाटव एवं जिला मीडिया प्रभारी दिलीप दंडोतिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नीट परीक्षा आज : परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने पहुंचें एसपी

नवभारत न्यूज

मुरैना, 20 जून। नीट (यूजी)-2026 परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए

▶ प्रवेश के दौरान जांच में लापरवाही न करने के निर्देश, चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा

पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। शनिवार को एसपी धर्मराज मीणा ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

एसपी श्री मीणा ने केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, परीक्षार्थियों की सघन जांच, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और स्ट्रांग रूम की 24 घंटे सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़, संदिग्ध गतिविधियों और अफवाहों पर नजर रखने के लिए पुलिस व साइबर टीम को सक्रिय किया गया है। इसी क्रम में एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों ने भी अपने क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों को परखा। निरीक्षण के दौरान एसपी श्री मीणा के साथ एएसपी सुरेन्द्रपाल डाबर, रक्षित निरीक्षक रविकांत शुक्ला, सेंट्रल एग्जाम कॉर्डिनेटर सतीश अरोरा उपस्थित थे।

रिटायर्ड एएसआई की मौत के बाद शव लेने बेटों में छिड़ी जंग

नवभारत न्यूज

मुरैना, 20 जून। रिटायर्ड एएसआई पुलिस आशाराम जाटव की मौत के बाद अंतिम संस्कार को लेकर उनके दो बेटों में विवाद

▶ दो शादी करने वाले रिटायर्ड एएसआई की हार्ट अटैक से मौत, सौतेले भाईयों में सुपुर्दगी को लेकर हुआ विवाद

की स्थिति बन गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाइश दी और मामला शांत कराया।

जानकारी के अनुसार पोरसा के खेरिया निवासी आशाराम जाटव (57) वर्तमान में गोपालपुरा मुरैना में रह रहे थे। 19 जून की रात हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई थी। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव डेड हाउस पर रखा था। इसी दौरान पहली पत्नी महादेवी के बेटे शिवराज और दूसरी पत्नी मुन्नीदेवी के बेटे शैलेंद्र के बीच शव की सुपुर्दगी को लेकर विवाद हो गया।

पुलिस ने हस्तक्षेप कर स्थिति संभाली और वर्तमान में साथ रह रही पत्नी मुन्नीदेवी के बेटे शैलेंद्र को शव सौंपा गया। इसके बाद विवाद शांत हुआ।

नीट परीक्षा आज, परीक्षार्थियों के लिए रहेगी नि:शुल्क बस सुविधा

मुरैना, 20 जून। नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट नीट-2026 का आयोजन 21 जून 2026 रविवार को जिला मुरैना मुख्यालय स्थित 7 परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के मार्गदर्शन में डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी उमेश अवस्थी ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा केन्द्रों तक आने-जाने के लिए 4 नि:शुल्क बसों की व्यवस्था की गई है। इन बसों का संचालन बैरियल चौराहा स्थित यातायात पुलिस थाना मुरैना से किया जाएगा। इच्छुक परीक्षार्थी इस नि:शुल्क परिवहन सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

लोहे के पाइप से मंजीत की हत्या करने वाला रमाकांत गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

मुरैना, 20 जून। अंबाह कस्बे के गुलाबपुरा में शादी समारोह के दौरान लोहे के पाईप से सिर पर प्रहार कर मंजीत बाल्मीक की हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी गुड्डन उर्फ रमाकांत कठेरिया पुत्र सुरेशचंद्र निवासी ग्राम करवाखुर्द थाना भरथना जिला इटावा यूपी को 19 जून को पिनाहट रोड पर निर्माणाधीन चंबल नदी के पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।

यहां बताना होगा कि 17 जून की रात को गुलाबपुरा में ठेकेदार रविन्द्र गुर्जर मजदूर लेकर पहुंचा था। यहां भोजन परोसने को लेकर मंजीत का गुड्डन उर्फ रमाकांत

कठेरिया से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर गुड्डन ने मंजीत को गालियां देना शुरू कर दिया। इसी दौरान गुड्डन ने लोहे के पाईप से मंजीत के सिर पर प्रहार किया, जिससे मंजीत बुरी तरह जख्मी हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपी गुड्डन उर्फ रमाकांत के विरुद्ध हत्या की धाराओं में अपराध दर्ज किया था। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक वीरेश कुशवाह, एसआई अमर सिंह राजावत, प्र.आर. सत्यवीर, रविन्द्र शर्मा, आरक्षक दिनेश जाट, लखन प्रताप, रूपेश सिंह, ओमप्रकाश, योगेन्द्र भदौरिया शामिल थे।

एक नजर में

अंबाह के शिवकांत की ऊंची उड़ान, वायुसेना में फाइटर पायलट बने

मुरैना/अंबाह, 20 जून। अंबाह क्षेत्र के रेतपुरा गांव निवासी 23 वर्षीय शिवकांत शर्मा ने भारतीय वायुसेना में फाइटर पायलट बनकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने हैदराबाद स्थित एयरफोर्स एकेडमी से एक वर्ष की ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूरी की है। शिवकांत के पिता देवेंद्र कुमार शर्मा शिक्षक हैं, जबकि मां उमा शर्मा गृहिणी हैं। बेटे की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। शिवकांत ने प्रारंभिक शिक्षा अंबाह में हासिल करने के बाद रीवा सैनिक स्कूल से कक्षा 6वीं से 12वीं तक की पढ़ाई पूरी की। उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है।

ट्रांसफॉर्मर में फॉल्ट से टूटा तार, करंट लगने से युवक की मौत

मुरैना/अंबाह, 20 जून। अम्बाह थाना क्षेत्र के ग्राम भीकाराम का पुरा में शुक्रवार की रात ट्रांसफॉर्मर में फॉल्ट के बाद टूटी विद्युत लाइन की चपेट में आने से 26 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम भीकाराम का पुरा निवासी आकाश सखवार 26 पुत्र सुदामा सखवार रात करीब 9.30 बजे दुकान से सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान मुख्य मार्ग के पास लगे ट्रांसफॉर्मर में अचानक फॉल्ट हुआ और विद्युत लाईन के तार टूटकर नीचे गिर गए। इसी दौरान वहां से गुजर रहा आकाश सखवार तार की चपेट में आ गया, करंट लगने से आकाश बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजन सहित ग्रामीणों ने उसे तत्काल अंबाह अस्पताल पहुंचाया, जहां परीक्षण के बाद डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

संकट में जिंदगी बचाएगी पुलिस, जवानों ने सीखी सीपीआर तकनीक

मुरैना, 20 जून। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत मुरैना पुलिस को आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार किया जा रहा है। शनिवार को पुलिस लाइन स्थित कंट्रोल रूम में साप्ताहिक प्रशिक्षण में जवानों को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) और प्राथमिक जीवन रक्षक तकनीकों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण में डॉ. विवेक राठी, डॉ. अवनीश माहेश्वरी और उनकी टीम ने पुलिसकर्मियों को हृदयाघात, दुर्घटना और अचानक आने वाली आपात स्थिति में त्वरित सहायता देने के तरीके बताए। जवानों ने खुद सीपीआर प्रक्रिया का अभ्यास कर जीवन बचाने के कौशल सीखे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 66 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से पुलिस की आपदा प्रबंधन क्षमता मजबूत होगी और जरूरत के समय आमजन को तत्काल मदद मिल सकेगी। इस अवसर पर एएसपी सुरेंद्रपाल सिंह डाबर, सूबेदार गजेंद्र सिंह, निरीक्षक भूमिका दुबे, रामबाबू यादव सहित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। विशेष स्वास्थ्य परामर्श एवं सीपीआर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन समाजसेवी संस्था पहल परिवार के सहयोग से हुआ।

मारपीट कर फायरिंग करने वाला राजू यादव पकड़ा, रायफल बरामद

मुरैना, 20 जून। युवक की मारपीट और फायरिंग के मामले में फरार आरोपी राजू यादव को बागचीनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से देशी रायफल बरामद की है। जानकारी के अनुसार फरियादी कप्तान सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी राजू यादव पुत्र उत्तम यादव निवासी स्यारू के विरुद्ध अपराध दर्ज किया था। पुलिस ने 19 जून को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर बागचीनी रोड के पास से राजू यादव को दबोच लिया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त रायफल बरामद कर ली है। कार्यवाही में निरीक्षक शशि कुमार, प्र.आर. बदन सिंह, राजेन्द्र सिंह, आरक्षक रूपेन्द्र, रिंकू चाह, दिलीप, सुनील शामिल थे।

50 लाख की राशि से पचास वर्ष बाद गंदी गलियों में सीमेंटीकरण परन्तु फिर भी कूड़ा कचरा डाल रहे हैं रहवासी

नवभारत न्यूज

सबलगढ़ 20 जून. नगर की गंदी गलियों में पचास वर्ष बाद नगरपालिका द्वारा पचास लाख रुपए की लागत से सीमेंटीकरण किया जा रहा है परन्तु गंदी गलियों के आस पास रहने वाले रह वासी उन साफ सुथरी गलियों में फिर से कचरा डालकर गंदगी फैला रहे हैं

नगर में मंडी संतर नंबर एक दो तीन चार इनमें प्रत्येक संतर में दो दो गंदी गलिया मकानों के पीछे बनी हुई है जिसकी चौड़ाई दस दस मीटर के करीब है पहले इन गंदी गलियों में शुष्क शौचालय बने हुए थे नगर पालिका द्वारा उन गंदी गलियों में सीवर टैंक बनाए गए मंडी संतर बालों की मांग पर नगरपालिका अध्यक्ष सोनेराम धाकड़ से सभी गंदी गलियों में सीमेंटीकरण की मांग की गई जिसके लिए नगरीय प्रशासन द्वारा स्वीकृति प्रदान कर पचास लाख रुपए इन गंदी गलियों में सीमेंटीकरण के लिए दिए गए अभी

करीब छह गंदी गलियों की सफाई कराकर उनमें सीमेंटीकरण किया गया है परन्तु आस पास रहने वाले रहवासियों के द्वारा उन गलियों में फिर से कूड़ा कचरा फेंका जा रहा है जिससे उन गंदी गलियों का उद्देश्य सार्थक नहीं हो पा रहा है नगर में मंडी संतर की इन गंदी गलियों की सफाई ओर इनमें सीमेंटीकरण कर इनका व्यवसायिक उपयोग हो सके इसी आशा के साथ नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा इनको प्राथमिकता से लिया गया परन्तु फ़िर से इन गलियों को कचरा घर बनाया जा रहा है

नगर की गंदी गलियों की सफाई कराकर उनमें सीमेंटीकरण कराया जा रहा है वहां के निवासियों को उनमें कचरा नहीं डालना चाहिए बल्कि उनमें अपने अपने मकान के पीछे दुकान निकालकर उनका व्यवसायिक उपयोग वहां के निवासी करे जिससे युवाओं को रोजगार के लिए दुकानें उपलब्ध हो सके.

सोनेराम धाकड़
अध्यक्ष,नगरपालिका सबलगढ़

युवा प्रतिभाएं ही समाज और राष्ट्र की असली ताकत : अंजलि

नवभारत न्यूज

मुरैना/अंबाह, 20 जून। श्रुति पंचमी के मौके पर आदिनाथ जिनालय (छोटा मंदिर जी) में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षा, खेल और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली करीब डेढ़ दर्जन प्रतिभाओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह मां जिनवाणी की शोभायात्रा से हुआ। इसके बाद पूजन, स्वाध्याय और प्रश्न मंच आयोजित हुए। दोपहर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में अंबाह नगर पालिका अध्यक्ष

▶ श्रुति पंचमी पर मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

श्रीमती अंजलि जैन ने प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर अंजलि जैन ने कहा कि समाज की वास्तविक शक्ति उसकी युवा प्रतिभाएं होती हैं। बच्चों और युवाओं को सम्मान एवं मार्गदर्शन मिलने से वे भविष्य में देश और समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर ऊषा जैन भंडारी ने कहा कि जैन समाज में ज्ञान, शिक्षा और संस्कारों को सदैव महत्व दिया गया है। श्रुति पंचमी हमें अध्ययन और आत्मविकास की प्रेरणा देती है। आयोजन में महिला मंडल सहित समाज के पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं, युवा एवं बच्चे उपस्थित रहे।

6 साल से फरार स्थाई वारंटी जीतू विक्की गिरफ्तार

मुरैना, 20 जून। पहाड़गढ़ पुलिस ने मारपीट के मामले में विगत 6 साल से फरार चल रहे आरोपी जीतू उर्फ जितेन्द्र पुत्र छोटेलाल आदिवासी और विक्की पुत्र छोटेलाल आदिवासी को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में निरीक्षक राजेन्द्र परिहार, एसआई एनके गौरसिया, हरिओम यादव, आरक्षक सूर्यप्रकाश शर्मा, विजय शर्मा शामिल थे।

आज जिले में उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

नवभारत न्यूज

मुरैना, 20 जून। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज 21 जून को जिला, विकासखंड, नगरीय निकाय तथा ग्राम पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर मुख्य कार्यक्रम टाउनहॉल में आयोजित होगा, जिसमें प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन का उद्देश्य नागरिकों को योग के प्रति जागरूक करते हुए उसे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ, संतुलित एवं निरोगी जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों का संदेश जनसामान्य तक पहुंचाया जाएगा। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने तथा शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यक्रम का सुव्यवस्थित एवं गरिमामय आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

अटल पार्क में भाजपाई करेंगे योगाभ्यास

मुरैना/अंबाह, 20 जून। योग दिवस 21 जून के मौके पर भाजपा नगर मंडल अंबाह के तत्वावधान में कस्बे के अटल पार्क में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष बच्चूलाल गुप्ता ने बताया कि योगाभ्यास कार्यक्रम सुबह 6 बजे शुरू होगा। कार्यक्रम प्रभारी संतोष वर्मा ने बताया कि योगाभ्यास में विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान कराया जाएगा।

रोजगार मेले का आयोजन कल

मुरैना, 20 जून। जिले के शिक्षित एवं बेरोजगार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के नेतृत्व में 22 जून सोमवार को प्रात: 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय परिसर चंबल कॉलोनी के पीछेए मुरैना में एक दिवसीय रोजगारए स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला युवा संगम आयोजित किया जाएगा।

अस्पताल 4 किमी दूर शिफ्ट होने से गरीब मरीज परेशान

गिर्राज शर्मा

पोरसा 20 जून. शासकीय अस्पताल पोरसा को शहर से करीब 4 किलोमीटर दूर नई बिल्डिंग में शिफ्ट किए जाने के बाद गरीब और ग्रामीण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां पहले

▶ ओपीडी 700 से घटकर 100 के करीब — शहर में मिनी अस्पताल की मांग तेज

अस्पताल में प्रतिदिन 500 से 700 मरीजों की ओपीडी हुआ करती थी, वहीं अब यह संख्या घटकर महज 100 से 125 के बीच रह गई है।

अस्पताल के दूर चले जाने से खासकर गरीब और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीज इलाज से वंचित हो रहे हैं। उनके पास न तो पर्याप्त साधन हैं और न ही पैसे,

जिससे वे इतनी दूरी तय कर सकें। ऐसे में शहर के अंदर खाली पड़ी पुरानी अस्पताल बिल्डिंग में मिनी अस्पताल खोले जाने की मांग लगातार जोर पकड़ती जा रही है।

गौरतलब है कि वर्ष 2004 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री रुस्तम सिंह द्वारा पोरसा अस्पताल में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की नियुक्ति की घोषणा की गई थी, लेकिन आज तक यह घोषणा धरातल पर नहीं उतर सकी। हाल ही में नई बिल्डिंग के शुभारंभ के दौरान भी स्पेशलिस्ट डॉक्टर भेजने की बात कही गई थी, जो अब तक पूरी नहीं हुई है।

मांग तेज, शासन से उम्मीद

स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की मांग है कि शासन जल्द से जल्द शहर के भीतर मिनी अस्पताल शुरू करे, ताकि गरीब और जरूरतमंद मरीजों को समय पर उपचार मिल सकें,,

स्थानीय लोगों ने जताई नाराजगी

व्यापार संघ अध्यक्ष महावीर जैन का कहना है कि अस्पताल में अधिकांश गरीब मरीज इलाज कराने आते हैं, लेकिन इतनी दूर होने के कारण वे अस्पताल तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। उन्होंने शासन से मांग की है कि शहर के अंदर मिनी अस्पताल खोला जाए। कांग्रेस विधानसभा प्रभारी सुधीर सिंह तोमर उर्फ मोनू सिंह तोमर ने कहा कि अस्पताल के दूर जाने से मरीजों को गंभीर परेशानियां हो रही हैं, इसलिए शहर में ही एक मिनी अस्पताल की व्यवस्था की जानी चाहिए। वहीं कौथर खुर्द निवासी श्रीमती उषा देवी तोमर ने बताया कि उनके गांव से पोरसा तक पहले ही 5 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है, उसके बाद 4-5 किलोमीटर और अस्पताल तक जाना बेहद मुश्किल हो गया है। खोयला के जयकरण जाटव और जगदीशगढ़ के सुनील सखवार ने भी कहा कि अस्पताल दूर होने से गरीबों के इलाज पर संकट खड़ा हो गया है और शहर में मिनी अस्पताल खोला जाना बेहद जरूरी है।

बंसल अग्रवाल परिचय सम्मेलन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नियुक्त

सबलगढ़ 20 जून. अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ऐरन द्वारा सबलगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार रामगोपाल बंसल को राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। ऐरन द्वारा बंसल का मनोनयन उनकी संगठन के प्रति निष्ठा व उनके 40 साल के पत्रकारिता अनुभव को दृष्टिगत रखते हुए किया गया है। बंसल ने अपने मनोनयन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ऐरन का आभार प्रकट करते हुए संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करने की बात कही है। बंसल को राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नियुक्त किए जाने पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी, समाजसेवी, पत्रकार व शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

आम सूचना

श्रीमती मुन्नी श्रीवास पत्नी स्व. श्री लच्छी श्रीवास एवं श्रीमती मनीषा श्रीवास पत्नी श्री गोरेलाल श्रीवास के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन क्र.12 (पुराना क्र.11/1), स्थित मशीन गली, रामसहाय गली, ग्राम सबगगढ़, प.ह.नं. 54, रा.नि. सर्कल क्रमांक 04, तहसील सबलगढ़ व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका परिषद सबलगढ़ वार्ड क्र.10 में स्थित है एवं जिसका क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भूखण्ड अवस्थी, पश्चिम में-रास्ता गली 05 फुट चौड़ी, उत्तर में-भवन श्री विनय सक्सैना एवं दक्षिण में-भवन श्री रामहेत धानुक है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में नगर पालिका परिषद सबलगढ़ के रिकॉर्ड वर्ष 2023-24 के अनुसार, श्री जगदीश राठौर पुत्र श्री पन्नालाल राठौर एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री जगदीश राठौर द्वारा उक्त सम्पति श्रीमती नीतू शुक्ला पत्नी श्री सुनील दत शुक्ला को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्रमांक एमपी 25842021ए11035656 दिनांक 08.12.2021 से विक्रय की गई। श्रीमती नीतू शुक्ला द्वारा उक्त सम्पति श्रीमती मुन्नी श्रीवास पत्नी स्व. श्री लच्छी श्रीवास एवं श्रीमती मनीषा श्रीवास पत्नी श्री गोरेलाल श्रीवास को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्रमांक एमपी27आईजीआर 17932025 ए100653300 दिनांक 25.07.2025 से विक्रय की गई। उक्त सम्पति से सम्बन्धित वर्ष 2021 से पूर्व कोई भी रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। श्रीमती मुन्नी श्रीवास एवं श्रीमती मनीषा श्रीवास द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मणप्पुरम होम फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सम्पति के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर अथवा वर्ष 2021 से पूर्व का कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक- नीरज जैन (एडवोकेट)
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710